दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 07 जनवरी 2022

छत्तीसगढ़ में आज 44 हजार 773 सैम्पलों की हुई जांच

प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 6.32 प्रतिशत

- आज 07 जनवरी की स्थिति में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 6.32 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 44 हजार 773 सैंपलों की जांच में से 2828 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

प्रदेश में तेजी से हो रहा है 15 से 18 वर्ष के किशोरों का टीकाकरण, अब तक 38 प्रतिशत बच्चों को लगाया जा चुका टीका

मुंगेली, राजनांदगांव, धमतरी और महासमुंद में शुरूआती 4 दिनों में ही कुल लक्ष्य के आधे से ज्यादा किशोरों का टीकाकरण

- कोरोना से बचाव के लिए प्रदेश में 15 से 18 वर्ष के किशोरों का तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। विगत 3 जनवरी को इस आयु वर्ग के टीकाकरण की शुरूआत के बाद पहले चार दिनों में ही कुल लक्ष्य के 38 प्रतिशत किशोरों को टीका लगाया जा चुका है। मुंगेली, राजनांदगांव, धमतरी और महासमुंद जिले में शुरूआती चार दिनों में ही कुल लक्ष्य के आधे से ज्यादा किशोरों का

टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं बालोद, बेमेतरा, कांकेर, गरियाबंद और कोंडागांव भी इसके करीब है। प्रदेश में कुल 16 लाख 39 हजार 811 किशोरों के टीकाकरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक (6 जनवरी तक) छह लाख 18 हजार 089 को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगाया जा चुका है।

- सभी जिलों में बनाए गए टीकाकरण साइट्स में किशोर-किशोरी उत्साह से पहुंचकर टीका लगवा रहे हैं। वर्ष 2005, 2006 और 2007 में पैदा हुए किशोरों का इन केंद्रों में टीकाकरण किया जा रहा है। 3 जनवरी से 6 जनवरी के बीच मुंगेली जिले में कुल लक्ष्य के 67 प्रतिशत, राजनांदगांव में 57 प्रतिशत, धमतरी में 56 प्रतिशत और महासमुंद में 51 प्रतिशत किशोरों का टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं बालोद और बेमेतरा में 15 से 18 वर्ष के 48-48 प्रतिशत, कांकेर में 47 प्रतिशत, गरियाबंद में 46 प्रतिशत, कोंडागांव में 45 प्रतिशत और बलौदाबाजार-भाटापारा में 40 प्रतिशत बच्चों को टीका लगाया जा चुका है।

18 वर्ष से अधिक के 97 प्रतिशत नागरिकों को पहला टीका और 64 प्रतिशत को दोनों टीके लगाए जा चुके

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लोगों का तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक आबादी को कोरोना से बचाव का दोनों टीका लगाया जा चुका है। यहां के एक करोड़ 25 लाख 49 हजार 361 नागरिकों को कोरोना वैक्सीन की दोनों खुराक दी जा चुकी है। यह प्रदेश में टीकाकरण के लिए पात्र 18 वर्ष से अधिक की आबादी का 64 प्रतिशत है।

कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

1	पॉजिटिव प्रकरण	आज	2828
		कुल	1017356
2	अस्पताल से डिस्चार्ज	आज	12
		कुल*	171363
3	होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज	आज	34
		कुल*	822700
4	कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन)	आज	46
		कुल	994063
5	वर्तमान में कुल सक्रिय	9684	
6	आज हुई मृत्यु कुल – 03	कोविड–19	0
		को–मॉर्बिडिटी के साथ	03

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या – 44773



मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं



छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 07-01-2022

क्र.	जिला	POSITIVE		DISCHARGE (HOSPITAL)		HOME ISOLATION COMPLETED		TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION)	TOTAL ACTIVE CASES	DEATHS	
		TODAY	TOTAL	TODAY	TOTAL	TODAY	TOTAL			TODAY	TOTAL
1	दुर्ग	293	98116	1	14784	3	80511	95295	1015		1806
2	राजनांदगांव	60	56335	0	12779	0	42822	55601	218		516
3	बालोद	14	27340	0	9315	0	17591	26906	38		396
4	बेमेतरा	13	19999	0	3370	0	16367	19737	25		237
5	कबीरधाम	11	22834	1	2391	2	20122	22513	54		267
6	रायपुर	899	161288	1	31017	1	124151	155168	2974	3	3146
7	धमतरी	22	27343	0	2789	0	23948	26737	61		545
8	बलौदाबाजार	27	43185	0	9090	0	33556	42646	68		471
9	महासमुंद	21	31438	0	4098	0	26933	31031	41		366
10	गरियाबंद	2	19731	0	3615	0	15907	19522	15		194
11	बिलासपुर	279	67163	2	7475	6	57115	64590	1357		1216
12	रायगढ़	364	64087	3	12899	12	48991	61890	1217		980
13	कोरबा	268	55645	0	5087	0	49280	54367	695		583
14	जांजगीर-चांपा	142	58136	1	8167	4	48690	56857	439		840
15	मुंगेली	33	24014	0	1016	0	22756	23772	75		167
16	गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	10	12076	0	947	0	10931	11878	52		146
17	सरगुजा	52	33879	0	4218	0	29228	33446	188		245
18	कोरिया	58	27212	0	1813	0	25000	26813	222		177
19	सूरजपुर	9	29187	1	2135	3	26701	28836	127		224
20	बलरामपुर	20	20388	0	1538	0	18659	20197	73		118
21	जशपुर	153	27598	0	5056	2	21884	26940	446		212
22	बस्तर	7	21144	0	5714	1	15207	20921	35		188
23	कोंडागांव	1	13149	0	1858	0	11188	13046	4		99
24	दंतेवाड़ा	9	10917	0	4500	0	6370	10870	21		26
25	सुकमा	34	8177	0	4454	0	3597	8051	106		20
26	कांकेर	10	23708	0	3660	0	19780	23440	44		224
27	नारायणपुर	0	4020	0	3241	0	764	4005	1		14
28	बीजापुर	17	8395	0	3636	0	4651	8287	53		55
0	अन्य राज्य		852	2	701	0	0	701	20		131
महायोग		**2828**	**1017356**	**12**	**171363**	**34**	**822700**	**994063**	**9684**	**3**	**13609**

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं

